रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 285] नई दिल्ली, सोमवार, जुलाई 11, 2016/आषाढ़ 20, 1938
No. 285] NEW DELHI, MONDAY, JULY 11, 2016/ASADHA 20, 1938

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 जुलाई, 2016

**मि0 सं0 1–2/2016 (पी0 एस0/संशोधन).–** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 3) के अनुभाग 26 के उप–अनुभाग (1)की धारा (ई) एवं (जी) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों के अनुपालन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एतद्द्वारा निम्न संशोधित विनियम सृजित कर रहा है, नामतः

### 1. लघु शीर्ष, अनुप्रयोग एवं प्रारम्भ

**1.1** ये विनियम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (शिक्षकों एवं अन्य अकादमिक स्टॉफ की विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियुक्ति संबंधी न्यूनतम अर्हताएँ एवं उच्च शिक्षा में मानकों के अनुरक्षण संबंधी उपाय) **(चतुर्थ संशोधन)** विनियम, 2016 कहलायेंगे।

**1.2** ये ऐसे प्रत्येक विश्वविद्यालय पर लागू होंगे जो किसी केन्द्रीय अधिनियम, प्रांतीय अधिनियम अथवा राज्य अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित अथवा निगमित हैं तथा साथ ही ऐसे प्रत्येक संस्थान, संघटक अथवा संबद्ध महाविद्यालय पर लागू होंगे जो सम्बद्ध विश्वविद्यालय के परामर्श से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 के अनुभाग 2 की धारा (एफ) के अन्तर्गत एवं उक्त अधिनियम के अनुभाग 3 के अन्तर्गत प्रत्येक मानित विश्वविद्यालय, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।

**1.3** ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से तुरन्त प्रभावी रूप से लागू होंगे।

**2.** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में (विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों एवं अन्य अकादमिक स्टॉफ़ की नियुक्ति के लिए न्यूनतम अर्हताएँ एवं उच्च शिक्षा मानकों के अनुरक्षण के अन्य उपाय) विनियम 2010 के निम्नलिखित विनियम निम्नवत् पठनीय एवं संशोधित माने जाएँगेः–

| विनियम | शिक्षकों एवं अकादमिक स्टॉफ की विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियुक्ति संबंधी एवं उच्च शिक्षा के मानकों के अनुरक्षण के उपाय विनियम 2010 के मौजूदा प्रावधान | शिक्षकों एवं अन्य अकादमिक स्टॉफ की विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियुक्ति संबंधी न्यूनतम अर्हता एवं उच्च शिक्षा में मानकों के अनुरक्षण संबंधी उपाय विनियम 2010 के संशोधित प्रावधान |
|---|---|---|
| 3.4.1 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विभिन्न शारीरिक विकलांगताओं वाली (शारीरिक एवं चाक्षुष तौर से पृथक् रूप से विकलांग) श्रेणियों के व्यक्तियों को स्नातक स्तर पर तथा स्नातकोत्तर स्तर पर 5 प्रतिशत की छूट उपलब्ध कराई जा सकती है शिक्षण संबंधी स्थानों/पदों पर भर्ती की प्रक्रिया में पात्रता एवं श्रेष्ठ अकादमिक रिकॉर्ड को निर्धारित करने के उद्देश्य से होगी। पात्रता के लिए आवश्यक 55 प्रतिशत अंक (अथवा ऐसी कोई स्थिति जहाँ ग्रेडिंग प्रणाली का अनुसरण किया जा रहा है, वहाँ पर किसी भी "पॉइन्ट स्केल" की समकक्ष श्रेणी में) तथा 5 प्रतिशत की छूट जिन उपरोक्त श्रेणियों के लिए व्यक्त की गई है–वे अनुमत होंगी–जो कि अर्हकारी अंकों पर आधारित रहेगी–और जिनमें अनुग्रहांक के सम्मिलित करने की विधि लागू नहीं होगी। | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ पृथक रुप से सक्षम (शारीरिक एवं चाक्षुष तौर से पृथक रूप से सक्षम)अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) (गैर समृद्ध श्रेणियों)में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर पात्रता एवं श्रेष्ठ अकादमिक रिकार्ड के उद्देश्य से शैक्षिक पदों पर प्रत्यक्ष भर्ती के दौरान 5%तक की छूट प्रदान की जा सकती है। पात्रता संबंधी 55% अंक (अथवा एक समस्तरीय ग्रेड एक प्वाइंट स्केल में जहॉ भी ग्रेडिंग प्रणाली का अनुसरण किया जा रहा हो) तथा उपरोक्त श्रेणियों के लिए दी जाने वाली 5% की छूट की अनुमति केवल अर्हकारी अंकों पर आधारित, अनुग्रहांक सम्मिलित किये बिना, होगी। |
| 8.2.1जोकि धारा6.8.0 की अनुसूची का है | कुलपति के पदों पर रु075,000/–के नियत वेतन के साथ रु0 5,000/–प्रतिमाह का विशेष वेतन देय होगा। वेतन के अतिरिक्त कुलपति की अन्य समस्त पात्रता एवं सुविधाएं सम्बद्ध विश्वविद्यालय के अधिनियम/सांविधियों के प्रावधानों के अनुसार लागू होंगी। | कुलपति के पदों पर रु075,000/–के नियत वेतन के साथ रु0 5,000/–प्रतिमाह का विशेष भत्ता देय होगा। वेतन के अतिरिक्त कुलपति की अन्य समस्त पात्रता एवं सुविधाएं सम्बद्ध विश्वविद्यालय के अधिनियम/सांविधियों के प्रावधानों के अनुसार लागू होंगी। |

| | | |
|---|---|---|
| 5.1.6 (डी) | महाविद्यालय के प्राचार्य की नियुक्ति अवधि **पाँच** वर्ष की होगी तथा समतुल्य चयन समिति की प्रक्रिया के पश्चात ही वे एक और सत्र के लिए पुनः नियुक्ति के पात्र होंगे। | महाविद्यालय के प्राचार्य की नियुक्ति अवधि 5वर्ष की होगी तथा समतुल्य चयन समिति की प्रक्रिया के पश्चात ही वे एक और सत्र के लिए पुनः नियुक्ति के पात्र होंगे,जिस प्रक्रिया के अन्तर्गत वाह्य समकक्षों के पुनरीक्षण को तथा उसकी अनुशंसाओं एवं उसके परिणामों को ध्यान में रखा जाएगा। वाह्य समकक्ष पुनरीक्षण के ढाँचे को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा। |
| 6.0.5(i) | विभिन्न विशिष्ट विषयों के डाटाबेस द्वारा प्रलेखीकृत सूचीबद्ध प्रकाशनों के अतिरिक्त, सम्बद्ध विश्वविद्यालय अपने विषय विशेषज्ञों एवं ISBN/ISSN विशेषज्ञों की सहायता से (a) सम्बद्ध विषयों में गुणवत्तायुक्त राष्ट्रीय/क्षेत्रीय स्तर की पत्रिकाओं की सुविस्तृत सूची जारी करेगा एवं (b) विभिन्न भाषा निकायों की भारतीय भाषाओं की पत्रिकाओं जर्नल/पाक्षिक/सरकारी प्रकाशन के खण्डों को तैयार करेगा तथा उन्हें विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करेगा तथा उन्हें आवधिक रूप से अद्यतन कराएगा। | विश्वविद्यालय विषय विशेषज्ञ समितियों के माध्यम से पत्रिकाओं को विषयवार रूप से चिन्हित करेगा तथा अनुशंसायें यूजीसी द्वारा निर्धारित प्रारुप में यूजीसी की स्थायी समिति की स्वीकृति हेतु अग्रसारित करेगा। यूजीसी स्थायी समिति द्वारा जिन पत्रिकाओं को ऐसी सूची में से स्वीकृत किया जाए, उन्हें यूजीसी की अधिसूचित ''पत्रिका सूची'' में सम्मिलित किया जाएगा। विश्वविद्यालय से ऐसी सूची प्राप्त होने के 60 कार्यकारी दिवसों के भीतर यूजीसी स्थायी समिति उसकी अनुशंसायें प्रस्तुत कर देगी। ''पत्रिका सूची'' में सम्मिलित किये जाने के लिए यूजीसी स्थायी समिति अपने आपसे भी पत्रिकाओं की अनुशंसा कर सकती है। |

3. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों एवं अन्य अकादमिक स्टाफ की नियुक्ति के लिए न्यूनतम अर्हता एवं उच्च शिक्षा मानकों के अनुरक्षण के अन्य उपाय)(तृतीय संशोधन) विनियम 2016 के अन्तर्गत विनियम 3.3. 1,4.4.1,4.4.2,4.4.2.2, 4.4.2.3, 4.5.3 एवं 4.6.3 में निर्धारित प्रावधान जो 11 जुलाई, 2009 से पूर्व पीएच0डी0 पाठ्यक्रमों में पंजीकृत अभ्यर्थियों को छूट दिये जाने के विषय में हैं, वे निम्नवत् संशोधित एवं पठनीय माने जाएँगेः–

बशर्ते, दिनांक 11 जुलाई, 2009 से पूर्व एम. फिल./पीएच0डी0 हेतु पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को प्रदान की जाने वाली डिग्री, संबंधित संस्थान के तत्कालीन अध्यादेश/उपबंधों/विनियमों के द्वारा अभिशासित होगी और पीएच0डी0 डिग्रीधारक

अभ्यर्थियों को निम्नवत् शर्तों पर खरा उतरने के अध्याधीन विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थानों में सहायक आचार्य अथवा समकक्ष पदों पर भर्ती एवं नियुक्ति हेतु उन्हें नेट/स्लैट/सैट की न्यूनतम पात्रता शर्तों की अनिवार्यता से छूट प्राप्त होगीः—

**(क)** अभ्यर्थी को केवल नियमित (Regular)पद्धति से पीएच0 डी0 डिग्री प्रदान की गई हो।

**(ख)** कम से कम दो बाहरी परीक्षकों द्वारा शोध प्रबंध का मूल्यांकन किया गया हो।

**(ग)** अभ्यर्थी का मुक्त मौखिक साक्षात्कार किया गया हो।

**(घ)** अभ्यर्थी ने अपने पीएच0डी0 शोध कार्य में से दो शोध पत्र प्रकाशित किये हैं जिनमें से कम से कम एक पत्र संदर्भित (Refereed) पत्रिका में प्रकाशित हुआ हो।

**(ड़)** अभ्यर्थी ने अपने पीएच0डी0 शोध कार्य में से दो प्रस्तुतियां सम्मेलनों/संगोष्ठियों में दीहैं।

उपरोक्त (क) से लेकर (ड़) कुलपति/सम कुलपति/अध्यक्ष (अकादमिक मामले)/अध्यक्ष(विश्वविद्यालय अनुदेश) द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए।

4. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (शिक्षकों एवं अन्य अकादमिक स्टॉफ की विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियुक्ति संबंधी न्यूनतम अर्हताओं एवं उच्च शिक्षा के मानकों के अनुरक्षण के उपायों) (**द्वितीय संशोधन**) विनियम 2013 के विनियम 6.0.1 का द्वितीय प्रावधान निम्न द्वारा प्रतिस्थापित होगाः—

**"बशर्ते श्रेणी III (शोध एवं अकादमिक योगदान) के अन्तर्गत इन उप—श्रेणियों में, लैक्चर्स/पेपर्स की उप श्रेणी के अलावा, प्रत्येक की एपीआई (API) प्राप्तांक की दावेदारी पर सीमा नहीं होगी।**

परिणामतः, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (शिक्षकों एवं अन्य अकादमिक स्टॉफ की विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियुक्ति संबंधी न्यूनतम अर्हता एवं उच्च शिक्षा में मानकों के अनुरक्षण संबंधी उपायों) (द्वितीय संशोधन) विनियम 2013 के विनियम 6.0.1 की तालिका विलोपित मानी जायेंगी।

5. गुणवत्ता पोषित करने के लिए, छात्र "फ़ीडबैक", उच्च शैक्षिक संस्थानों के अकादमिक विकास का एक अभिन्न अंग है। छात्र "फ़ीडबैक" एवं शिक्षकों द्वारा दिया गया अनुत्तर, अध्यापन—शिक्षा प्राप्ति एवं संस्थागत विकास में सुधार के प्रति एक उत्प्रेरक की भूमिका अदा करते हैं। संकल्पनाओं की स्पष्टता, विषयगत एवं अकादमिक विषयों में रुचि को विकास एवं गहन रुप से सवंर्धित करने के लिए छात्र फ़ीडबैक जो अध्यापन, संप्रेषण, प्रविधि एवं शिक्षा शास्त्र से संबद्ध है, वह प्रमुख है। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को अध्यापन— अधिगम पर रचनात्मक फ़ीडबैक उपलब्ध कराने में छात्रों को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सवंर्धित हो सके तथा फ़ीडबैक पर अनुक्रिया प्राप्त हो सके।

6. परिशिष्ट III की तालिका—I, II(A), II(B), III, IV, V(A), V(B), VI, VII, VIII(A), VIII(B) एवं IX जो कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों एवं अन्य अकादमिक स्टॉफ की नियुक्ति संबंधी न्यूनतम अर्हताएँ एवं उच्च शिक्षा के मानकों के अनुरक्षण संबंधी अन्य उपाय) (**तृतीय संशोधन**) विनियम 2016 के विषय में है, वह परिशिष्ट—III: तालिका- I, II(A), II(B), III, IV, V(A), V(B), VI, VII, VIII(A), VIII(B) एवं IX जो कि इन चतुर्थ संशोधन विनियमों से संलग्न है, उनके द्वारा प्रतिस्थापित होंगी।

प्रो. (डा.) जसपाल सिंह सन्धू, सचिव

[ विज्ञापन III/4/असा./113(165)]

**परिशिष्ट—III: तालिका—I**

**विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में सहायक आचार्य, सह—आचार्य, और आचार्य के लिए करियर प्रगति योजना (सीएएस) पदोन्नति हेतु अकादमिक प्रदर्शन संकेतांक (एपीआई) तथा सह—आचार्य और आचार्य की सीधी भर्ती हेत प्रास्तावित अंक**

**शिक्षकों के विभिन्न स्तरों के लिए प्रत्यक्ष शिक्षण कार्यभार और अधिमान दिया जाए**

| प्रति सप्ताह प्रत्यक्ष शिक्षण घंटे | |
|---|---|
| सहायक आचार्य | 16 |
| सह—आचार्य | 14 |
| आचार्य | 14 |

शिक्षक के स्व—आकलन पर आधारित, एपीआई अंकों को निम्नलिखित के लिए प्रस्तावित किया जाता है (क)शिक्षण संबंधित क्रियाकलाप कार्यक्षेत्र की जानकारी (ख) परीक्षा और मूल्यांकन में भागीदारी और (ग) नवोन्मेषी शिक्षण, नये पाठ्यक्रमों के प्रति योगदान आदि। इस श्रेणी के शिक्षकों द्वारा जरूरी न्यूनतम एपीआई अंक पदोन्नति के विभिन्न स्तरों हेतु अलग—अलग हैं। स्व—आकलन अंक तटस्थ रूप से सत्यापनीय अभिलेख पर आधारित होने चाहिए। इसे छानबीन सह मूल्यांकन/चयन समिति द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा। विश्वविद्यालय क्रियाकलापों का ब्यौरा अथवा, यदि संस्थानिक विनिर्दिष्टता की आवश्यकता हो, इस श्रेणी के अंतर्गत आवश्यक न्यूनतम कुल एपीआई अंकों को परिवर्तित किए बिना अधिमानों को समायोजित कर सकते हैं।

**श्रेणी I: शिक्षण, ज्ञानार्जन और मूल्यांकन संबंधी क्रियाकलाप**

| श्रेणी | क्रियाकलाप की प्रकृति | सहायक आचार्य | | सह–आचार्य | | आचार्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अधिकतम अंक | वास्तविक अंक | अधिकतम अंक | वास्तविक अंक | अधिकतम अंक | वास्तविक अंक |
| 1. | क. प्रत्यक्ष शिक्षण | 70 | प्रति शैक्षिक वर्ष व्यतीत वास्तविक घंटे ÷7.5 | 60 | प्रति शैक्षिक वर्ष व्यतीत वास्तविक घंटे ÷7.75 | 60 | प्रति शैक्षिक वर्ष व्यतीत वास्तविक घंटे ÷7.75 |
| | ख. परीक्षा ड्यूटी (प्रश्न पत्र तैयार करना, पर्यवेक्षण, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन) आबंटन अनुसार | 20 | प्रति शैक्षिक वर्ष व्यतीत वास्तविक घंटे ÷10 | 20 | प्रति शैक्षिक वर्ष व्यतीत वास्तविक घंटे ÷10 | 10 | प्रति शैक्षिक वर्ष व्यतीत वास्तविक घंटे ÷10 |
| | ग. नवोन्मेषी शिक्षण–ज्ञानार्जन प्रणालियां, विषय वस्तु/पाठ्यक्रमों आदि को अद्यतन करना, परामर्श इत्यादि | 10 | प्रति शैक्षिक वर्ष व्यतीत वास्तविक घंटे ÷10 | 15 | प्रति शैक्षिक वर्ष व्यतीत वास्तविक घंटे ÷10 | 20 | प्रति शैक्षिक वर्ष व्यतीत वास्तविक घंटे ÷10 |

*नोटः

1. प्रति सप्ताह 16/14/14 घंटे में व्याख्यान/अनुशिक्षण/प्रैक्टिकल्स/प्रोजेक्ट पर्यवेक्षण/क्षेत्रीय कार्य शामिल हैं।

2. विश्वविद्यालय न्यूनतम 75% कट–ऑफ निर्धारित कर सकता है, जिसके नीचे इन उप–श्रेणियों में कोई भी प्राप्तांक सम्मिलित नहीं किये जा सकते हैं।

3. स्थापित अकादमिक एवं शिक्षण परम्पराओं के अनुरूप तथा छात्र केन्द्रित, देख–रेख को प्रतिपुष्ट करने के उद्देश्य से अध्यापकों को, कक्षागत अध्यापन की संरचना के अतिरिक्त, छात्रों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रत्यक्ष रूप से इस प्रक्रिया में छात्रों की सुरक्षा, मार्गदर्शन एवं परामर्श को सम्मिलित किया जा सकता है। पृथक रूप से अशक्त छात्रों की आवश्यकताओं को चिन्हित करने के लिए अथवा उनकी आवश्यकताओं एवं उनके अकादमिक निष्पादन के लिए अथवा उनकी असमर्थता दूर करने के लिए अध्यापकसर्वाधिक उपयुक्त हैं। ऐसे प्रयासों के लिए कोई समय अवधि निर्धारित नहीं है और न ही उसे एपीआई प्राप्तांकों के परिप्रेक्ष्य में अथवा परिकलन में सप्ताहों अथवा महीनों के रूप में आंकलित किया जा सकता है। तथापि अध्यापकों द्वारा ऐसे कार्यों द्वारा आवश्यक एवं महत्वपूर्ण गतिविधियों को पूरा किया जाना चाहिए।

### श्रेणी II: व्यावसायिक विकास, सह–पाठ्यक्रम और विस्तारण क्रियाकलाप

शिक्षक के स्व–आकलन पर आधारित, श्रेणी दो एपीआई अंकों को व्यावसायिक विकास, सह–पाठ्यक्रम और विस्तारण क्रियाकलापों और संबंधित योगदानों के लिए प्रस्तावित किया जाता है। पदोन्नति की पात्रता हेतु शिक्षकों द्वारा आवश्यक न्यूनतम एपीआई को तालिका II– ए में निर्धारित किया गया है। मदों और अंकों की एक सूची नीचे दी गई है। स्व–आकलन अंक तटस्थ रूप से सत्यापनीय अभिलेखों पर आधारित होने चाहिए और इसे छानबीन सह मूल्यांकन समिति द्वारा सहायक आचार्य से उच्चतर पदों हेतु तथा चयन समिति द्वारा सहायक आचार्य से सह–आचार्य और सह–आचार्य से आचार्य पद पर पदोन्नति हेतु तथा सह–आचार्य और आचार्य के पद पर सीधी भर्ती हेतु अंतिम रूप दिया जाएगा।

नीचे दी गई नमूना तालिका में क्रियाकलापों और एपीआई अंकों के समूह दिये गये हैं। विश्वविद्यालय क्रियाकलापों का ब्यौरा अथवा, यदि संस्थानिक विनिर्दिष्टता की आवश्यकता हो तो इस श्रेणी के अंतर्गत आवश्यक न्यूनतम कुल एपीआई अंकों को परिवर्तित किए बिना अधिमानों को समायोजित कर सकते हैं।

| श्रेणी दो | | क्रियाकलाप की प्रकृति | अधिकतम एपीआई अंक | वास्तविक अंक |
|---|---|---|---|---|
| क | (i)<br>(ii)<br>(iii) | छात्र संबंधी सह–पाठ्यक्रम, विस्तारण और क्षेत्र आधारित कियाकलाप।<br>विषय संबंधी सह–पाठ्येत्तर गतिविधियां (उदाहरणार्थ उपचारात्मक कक्षायें, करियर परामर्श, अध्ययन दौरा, छात्र संगोष्ठी और अन्य आयोजन, आदि)<br>अन्य सह–पाठ्येत्तर गतिविधियां (सांस्कृतिक, खेलकूद, राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी. आदि)<br>विस्तारण और प्रसारण क्रियाकलाप (सार्वजनिक/प्रसिद्ध व्याख्यान/चर्चा/संगोष्ठियां आदि) | 15 | प्रति शैक्षिक वर्ष व्यतीत वास्तविक घंटे<br>÷ 10 |
| | (i) | कारपोरेट जीवन के प्रति योगदान और शैक्षिक और प्रशासनिक समितियों तथा उत्तरदायित्वों में भागीदारी के माध्यम से विभाग और संस्था का प्रबंधन प्रशासनिक उत्तरदायित्व (इसमें डीन/प्राचार्य/सभापति/संयोजक/प्रभारी | 15 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए वास्तविक घंटे |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ख. | (ii) | शिक्षक/अन्य समान ड्यूटी जिनके निस्तारण हेतु नियमित कार्यालय आने की आवश्यकता होती है वे शामिल हैं)<br>अध्ययन, बोर्ड, अकादमिक एवं प्रशासनिक समितियों में भागीदारी | | ÷ 10 |
| ग. | | व्यावसायिक विकास क्रियाकलाप (यथा संगोष्ठियों/सम्मेलनों, लघु अवधि के प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों, औद्योगिक अनुभव, चर्चा में भाग लेना, पुनश्चर्या/संकाय विकास पाठ्यक्रमों में व्याख्यान देना, प्रसार, और सामान्य लेख तथा अन्य कोई योगदान) | 15 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए वास्तविक घंटे ÷ 10 |

**श्रेणी–III: शोध और शैक्षिक योगदान**

शिक्षक के स्व–आकलन पर आधारित, एपीआई अंकों को शोध और शैक्षिक योगदान हेतु प्रस्तावित किया जाता है। इस श्रेणी के शिक्षकों द्वारा जरूरी न्यूनतम एपीआई अंक, विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में पदोन्नति के विभिन्न स्तरों हेतु अलग–अलग हैं। स्व–आकलन अंक सत्यापनीय कसौटी पर आधारित होने चाहिए और इसे छानबीन–सह–मूल्यांकन समिति द्वारा सहायक आचार्य से उच्चतर पदों हेतु तथा चयन समिति द्वारा सहायक आचार्य से सह–आचार्य और सह–आचार्य से आचार्य पद पर पदोन्नति हेतु तथा सह–आचार्य और आचार्य के पद पर सीधी भर्ती हेतु अंतिम रूप दिया जाएगा।

| **श्रेणी** | **क्रियाकलाप** | **विज्ञान/इंजीनियरिंग/कृषि/चिकित्सा/ पशु विज्ञान** | **भाषा/मानविकी/कला/सामाजिक विज्ञान/पुस्तकालय/शारीरिक शिक्षा/प्रबंधन के संकाय** | **विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय के शिक्षक हेतु अधिकतम अंक*** |
|---|---|---|---|---|
| III(क) | जिनमें शोध पत्रों का प्रकाशन किया गया है | वि.अ.आ. द्वारा यथा अधिसूचित संदर्भित(Refereed) पत्रिकाएं# | वि.अ.आ. द्वारा यथा अधिसूचित संदर्भित पत्रिकाएं# | 25 प्रति प्रकाशन |
| | | वि.अ.आ. द्वारा यथा अधिसूचित अन्य प्रतिष्ठित पत्रिकाएं# | वि.अ.आ. द्वारा यथा अधिसूचित अन्य प्रतिष्ठित पत्रिकाएं# | 10 प्रति प्रकाशन |
| III(ख) | पत्रिका लेखों के अतिरिक्त अन्य प्रकाशन (पुस्तकें, पुस्तकों में अध्याय) | अन्तर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा विश्वविद्यालय से अनुमोदित एवं उसकी वेबसाइट पर दर्शायी गईआईएसबीएन/आईएसएसएन (ISBN/ISSN)संख्या सहित पाठ्य/संदर्भ पुस्तकें। सूची को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की जानकारी हेतु प्रेषित किया जाएगा। | अन्तर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा विश्वविद्यालय से अनुमोदित एवं उसकी वेबसाइट पर दर्शायी गई आईएसबीएन/आईएसएसएन (ISBN/ISSN)संख्या सहित पाठ्य/संदर्भ पुस्तकें। सूची को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की जानकारी हेतु प्रेषित किया जाएगा। | एकल लेखक हेतु प्रति पुस्तक 30 |
| | | राष्ट्रीय स्तर के प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित विश्वविद्यालय से अनुमोदित राज्य/केन्द्र सरकार के प्रकाशन एवं उस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दर्शायी गई आईएसबीएन/आईएसएसएन (ISBN/ISSN)संख्या सहित विषयगत पुस्तकें। सूची को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की जानकारी हेतु प्रेषित किया जाएगा। | राष्ट्रीय स्तर के प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित विश्वविद्यालय से अनुमोदित राज्य/केन्द्र सरकार के प्रकाशन एवं उस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दर्शायी गई आईएसबीएन/आईएसएसएन (ISBN/ISSN)संख्या सहित विषयगत पुस्तकें। सूची को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की जानकारी हेतु प्रेषित किया जाएगा। | एकल लेखक हेतु प्रति पुस्तक 20 |
| | | विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित एवं उसकी वेबसाइट पर अन्य स्थानीय रचनाकारों द्वारा प्रकाशित पुस्तकें जोआईएसबीएन/ आईएसएसएन (ISBN/ISSN)संख्या सहित हैं।सूची को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की जानकारी हेतु प्रेषित किया जाएगा। | विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित एवं उसकी वेबसाइट पर अन्य स्थानीय रचनाकारों द्वारा प्रकाशित पुस्तकें जो आईएसबीएन/आईएसएसएन (ISBN/ISSN) संख्या सहित हैं। सूची को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की जानकारी हेतु प्रेषित किया जाएगा। | एकल लेखक हेतु प्रति पुस्तक 15 |
| | | विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित एवं अपनी वेबसाइट पर दर्शायी गयी आईएसबीएन/आईएसएसएन (ISBN/ISSN)संख्या सहित पुस्तकों के अध्याय जो राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित किये गये हैं। | दर्शायी गयी आईएसबीएन/आईएसएसएन (ISBN/ISSN)संख्या सहित पुस्तकों के अध्याय जो राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित किये गये हैं। | अंतर्राष्ट्रीय–प्रति अध्याय 10<br>राष्ट्रीय– प्रति अध्याय 5 |
| III (ग) | **शोध परियोजनाएं** | | | |
| III(ग)(i) | प्रायोजित परियोजनाएं | (क) रुपए 30.0 लाख से अधिक अनुदान वाली बड़ी परियोजनाएं | रु0 5.0 लाख से अधिक अनुदान वाली बड़ी परियोजनाएं | 20 प्रति परियोजना |
| | | (ख) रुपए 5.0 लाख से रुपए 30.0 लाख | रु0 3.0 लाख से रु0 5.0 लाख | 15 प्रति परियोजना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | तक अनुदान वाली बड़ी परियोजनाएं | तक अनुदान वाली बड़ी परियोजनाएं | |
| | | (ग) रुपए 1.0 लाख से रुपए 5.0 लाख तक वाली लघु परियोजनाएं | रु0 1.0 लाख रूपए से रु0 3.0 लाख तक वाली लघु परियोजनाएं | 10 प्रति परियोजना |
| III (ग) (ii) | परामर्शी परियोजनाएं | न्यूनतम रुपए 10.0 लाख की राशि के साथ अन्य राशि को जुटाया गया | न्यूनतम रु0 2.0 लाख की राशि के साथ अन्य राशि को जुटाया गया | प्रतिरु0 10.0 लाख और रु0 2.0 लाख हेतु क्रमशः 10 |
| III (ग) (iii) | परियोजना निष्कर्ष /निर्गत | पेटेंट/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण/उत्पाद/प्रक्रिया | प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय निकाय जैसे डब्ल्यू एचओ/यूएनओ/यूनेस्को/यूनिसेफ (WHO/UNO/UNESCO/UNICEF)इत्यादि एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार/स्थानीय निकायों के लिए तैयार प्रमुख नीति संबंधी दस्तावेज | प्रति अंतर्राष्ट्रीय स्तर के निर्गत अथवा पेटेण्ट के लिए 30 तथा राष्ट्रीय स्तर के निर्गत अथवा पेटेंट के लिए 20<br>प्रमुख नीति संबंधी दस्तावेजः<br>अन्तर्राष्ट्रीय निकाओं–30<br>केन्द्रीय सरकार– 20<br>राज्य सरकार– 10<br>स्थानीय निकाय–5 |
| III (घ) | **शोध मार्गदर्शन** | | | |
| III(घ) (i) | एम. फिल | उपाधि प्रदान की गई | उपाधि प्रदान की गई | 5 प्रति उम्मीदवार |
| III(घ) (ii) | पीएच. डी. | उपाधि प्रदान की गई/शोध प्रबंध प्रस्तुत किया गया | उपाधि प्रदान की गई/शोध प्रबंध प्रस्तुत किया गया | 15/10 प्रति उम्मीदवार |
| III (ड) | अध्येतावृत्तियॉ, पुरस्कार और सम्मेलनों/संगोष्ठियों में दिए गए आमंत्रण व्याख्यान | | | |
| III(ड) (i) | अध्येतावृत्तियॉ/पुरस्कार | अकादमिक निकायों से प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार/अध्येतावृत्ति | अकादमिक निकायों/सभाओं से प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार/अध्येतावृत्ति | 15 प्रति पुरस्कार/15 प्रति अध्येतावृत्ति |
| | | अकादमिक निकायों से प्राप्त राष्ट्रीय पुरस्कार/अध्येतावृत्ति | अकादमिक निकायों/सभाओं से प्राप्त राष्ट्रीय पुरस्कार/ अध्येतावृत्ति | 10 प्रति पुरस्कार/10 प्रति अध्येतावृत्ति |
| | | अकादमिक निकायों से प्राप्त राज्य/विश्वविद्यालय स्तर के पुरस्कार | अकादमिक निकायों/सभाओं से प्राप्त राज्य/विश्वविद्यालय स्तर के पुरस्कार | 5 प्रति पुरस्कार |
| III (ड) (ii) | आमंत्रण व्याख्यान/पत्र | अंतर्राष्ट्रीय | अंतर्राष्ट्रीय | 7 प्रति व्याख्यान/<br>5 प्रति प्रस्तुत पत्र |
| | | राष्ट्रीय स्तर | राष्ट्रीय स्तर | 5 प्रति व्याख्यान/<br>3 प्रति प्रस्तुत पत्र |
| | | राज्य/विश्वविद्यालय स्तर | राज्य/विश्वविद्यालय स्तर | 3 प्रति व्याख्यान/<br>2 प्रति प्रस्तुत पत्र |
| | इस उप–श्रेणी के अंतर्गत अंकों को किसी भी आकलन अवधि हेतु श्रेणी तीन के लिए निर्धारित न्यूनतम के 20%तक सीमित कर दिया जाएगा। | | | |
| III (च) | ई–लर्निंग परिदान प्रक्रिया /सामग्री का विकास | | | 10 प्रतिमापांक |

*जहां कहीं भी किसी विशेष विषय से प्रासंगिक हो, संदर्भित (Refereed) पत्रिकाओं में पत्र हेतु एपीआई अंकों को निम्न प्रकार जोड़ा जाएगाः जो (एक) 1 से कम प्रभाव कारक वाले पत्र– 5 अंकों द्वारा (दो) 1 और 2 के बीच प्रभाव कारक वाले पत्र–10 अंकों द्वारा (तीन) 2 और 5 के बीच प्रभाव कारक वाले पत्र–15 अंकों द्वारा (चार) 5 और 10 के बीच प्रभाव कारक वाले पत्र–20 अंकों द्वारा (पांच) 10 से अधिक प्रभाव कारक वाले पत्र–25 अंकों द्वारा। संयुक्त प्रकाशनों हेतु एपीआई की गणना निम्नलिखित तरीके से की जाएगी संबंधित शिक्षक द्वारा प्रकाशन की प्रासंगिक श्रेणी हेतु कुल अंकों के, प्रथम और प्रमुख/अनुरुप (Corresponding) लेखक/पर्यवेक्षक/मार्गदर्शक कुल अंकों के 70% को समान रूप से साझा करेंगे और शेष 30% शेष अन्य लेखकों द्वारा समान रूप से साझा किए जाएंगे।

**#विष्वविद्यालय पत्रिकाओं को विषयवार रूप से विषेषज्ञ समिति के द्वारा चिन्हित करायेगा, तथा अपनी अनुषंसायें यूजीसी स्थायी समिति की स्वीकृति हेतु, यूजीसी द्वारा निर्धारित प्रारुप में आयोग को अग्रसारित करेगा। इस सूची में से जो पत्रिकायें यूजीसी की स्थायी समिति द्वारा स्वीकृत की गयीं हैं, उन्हें यूजीसी द्वारा अधिसूचित "प्रत्रिकाओं की सूची" में सम्मिलित किया जाएगा। विष्वविद्यालय से सूची प्राप्त होने के 60 कार्य दिवस के भीतर यूजीसी की स्थायी समिति अपनी अनुषंसायें प्रस्तुत करेगी। यूजीसी की स्थायी समिति स्वयंमेव, "पत्रिकाओं की सूची" में सम्मिलित करने के लिए पत्रिकाओं की अनुषंसा करेगी। विष्वविद्यालय द्वारा धारा 6.0.5 (i) का कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा।**

## परिशिष्ट–III तालिका–II(क)

**परिशिष्ट–III तालिका–I में दर्षाए गए न्यूनतम एपीआई,जिन्हें विश्वविद्यालय विभागों और महाविद्यालयों में करियर उन्नति योजना (सीएएस) के अन्तर्गत शिक्षकों की पदोन्नति एवं विषेषज्ञों के आकलन हेतु अधिमान के लिए लागू किया जाना है।**

| श्रेणी | क्रियाकलाप | सहायक आचार्य/समकक्ष संवर्ग | सहायक आचार्य/समकक्ष | सहायक आचार्य (चरण 3) से | सह–आचार्य (चरण 4) से | आचार्य (चरण 5) से |
|---|---|---|---|---|---|---|

| | | (चरण 1 से चरण 2) तक | संवर्ग (चरण 2 से चरण 3) तक | सह–आचार्य/समकक्ष संवर्ग (चरण 4) तक | आचार्य/समकक्ष संवर्ग (चरण 5) तक | आचार्य (चरण 6) तक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I | शिक्षण–ज्ञानार्जन, मूल्यांकन संबद्ध क्रियाकलाप | 80/वर्ष | 80/ वर्ष | 75/ वर्ष | 70/ वर्ष | 70/ वर्ष |
| II | व्यावसायिक विकास और विस्तारण क्रियाकलाप–न्यूनतम अंकों का आंकलन कुल मिलाकर किया जाना आवश्यक है | 50/आकलन अवधि | 50/आकलन अवधि | 50/आकलन अवधि | 50/आकलन अवधि | 100/आकलन अवधि |
| III | शोध और शैक्षिक योगदान– न्यूनतम अंकों का आकलन कुल मिलाकर किया जाना आवश्यक है | 20/आकलन अवधि | 50/आकलन अवधि | 75/आकलन अवधि | 100/आकलन अवधि | 400/आकलन अवधि |
| II+III | श्रेणी II और III के अंतर्गत न्यूनतम कुल एपीआई अंक* | 90/आकलन अवधि | 120/आकलन अवधि | 150/आकलन अवधि | 180/आकलन अवधि | 600/आकलन अवधि |
| IV | विशेषज्ञ आकलन प्रणाली | छानबीन–सह–आकलन समिति | छानबीन–सह–आकलन समिति | चयन समिति | चयन समिति | विशेषज्ञ समिति |
| V | विशेषज्ञ आकलन में अधिमान अंकों का प्रतिशत वितरण (कुल अधिमान= 100. पदोन्नति हेतु न्यूनतम 50 की आवश्यकता हैं) | अलग से कोई अंक नहीं।छानबीन समिति को एपीआई प्राप्तांक का सत्यापन करना है। | अलग से कोई अंक नहीं। छानबीन समिति को एपीआई प्रापतांक का सत्यापन करना है। | 30%शोध योगदान 50% विषय क्षेत्र के ज्ञान और शिक्षण अभ्यास का आकलन 20%साक्षात्कार में प्रदर्शन | 50%शोध योगदान 30% विषय क्षेत्र के ज्ञान और शिक्षण अभ्यास का आकलन 20%साक्षात्कार में प्रदर्शन | 50%शोध योगदान 50% प्रदर्शन मूल्यांकन और संप्रेक्षण प्रक्रिया द्वारा अन्य प्रत्यय पत्र |

*** शिक्षक श्रेणी II + III के अंतर्गत आवश्यक न्यूनतम प्राप्तांकों को प्राप्त करने के लिए श्रेणी II अथवा श्रेणी IIIमें से किसी से भी अंकों का शेषप्राप्त कर सकते हैं।**

## परिशिष्ट–IIIतालिका–II (ख)

**विश्वविद्यालय विभागों/महाविद्यालयों में शिक्षकों की सीधी भर्ती हेतु एपीआई के लिए न्यूनतम प्राप्तांक और विनियम में वर्णित अन्य विनिर्दिष्ट पात्रता अर्हताओं के साथ अधिमानों पर चयन समितियों में विचार किये जाने हेतु**

| | सहायक आचार्य (चरण 1) | सह–आचार्य (चरण 4) | आचार्य (चरण 5) |
|---|---|---|---|
| न्यूनतम एपीआई प्राप्तांक | इन विनियमों में यथावर्णित न्यूनतम अर्हताएँ | एपीआई की श्रेणी II और III से 300 अंकों के कुल एपीआई प्राप्तांकों की संघटित आवश्यकता (कुल मिलाकर) | एपीआई की श्रेणी II और III से 400 अंकों के कुल एपीआई प्राप्तांकों की संघटित आवश्यकता (कुल मिलाकर) |
| चयन समितिमानदण्ड/अधिमान (कुल अधिमान= 100) | (क) शैक्षिक रिकार्ड और शोध प्रदर्शन (50%) (ख)विषय की जानकारी और शिक्षण कौशल का आकलन (30%) (ग) साक्षात्कार में प्रदर्शन (20%) | (क) शैक्षिक पृष्ठभूमि (20%) (ख) एपीआई प्राप्तांक और प्रकाशनों की गुणवत्ता पर आधारित शोध प्रदर्शन (40%) (ग) विषय की जानकारी और शिक्षण कौशल का आकलन (20%) (घ) साक्षात्कार में प्रदर्शन (20%) | (क) शैक्षिक पृष्ठभूमि (20%) (ख) एपीआई प्राप्तांक और प्रकाशनों की गुणवत्ता पर आधारित शोध प्रदर्शन (40%) (ग) विषय की जानकारी और शिक्षण कौशल का आकलन (20%) (घ) साक्षात्कार में प्रदर्शन (20%) |

## परिशिष्ट–III तालिका–III

**विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों की पदोन्नति हेतु न्यूनतम शैक्षिक प्रदर्शन और सेवा संबंधी अपेक्षाएं**

| क्रम संख्या | सीएएस के माध्यम से शिक्षकों की पदोन्नति | सेवा आवश्यकताएं | न्यूनतम शैक्षिक प्रदर्शन और छानबीन/चयन मानदण्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | सहायक | चरण 1 में सहायक आचार्य और | (i) वि.अ.आ. द्वारा विकसित पीबीएएस गणना प्रारूप का |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | आचार्य/समकक्ष संवर्ग चरण 1 से चरण 2 तक | पीएचडी के साथ चार वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो अथवा जिन्होंनें एम.फिल/एलएल.एम, एम.टेक, एम.वी.एससी., एम.डी. जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो अथवा जिन्होंने पीएच.डी./एम. फिल./व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के बिना छह वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो। | उपयोग कर न्यूनतम सकल एपीआई प्राप्तांकजो तालिका II (क) में दिए गए मानदण्डों के अनुसार है<br>(ii)2/3 सप्ताह की अवधि का एक प्रबोधन और एक पुनश्चर्या/शोध प्रणाली पाठ्यक्रम<br>(iii)पदोन्नति की अनुशंसा हेतु छानबीन सह सत्यापन प्रक्रिया |
| 2 | सहायक आचार्य/समकक्ष संवर्ग चरण 2 से चरण 3 तक | चरण 2 में पांच वर्ष की पूरी सेवा वाले सहायक आचार्य | (i)वि.अ.आ. द्वारा विकसित पीबीएएस गणना प्रारूप का उपयोग कर न्यूनतम सकल एपीआई प्राप्तांक जो तालिका II (क) में दिए गए मानदण्डों के अनुसार है<br>(ii)पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों, प्रविधि कार्यशालाओं, प्रशिक्षण, शिक्षण–ज्ञानार्जन–मूल्यांकन तकनीकी पाठ्यक्रमों, सरल कौशल विकास कायक्रमों और संकाय विकास कायक्रमों की श्रेणियों में से 2/3 सप्ताह की अवधि कीएकपाठ्यचर्या/पाठ्यक्रम<br>(iii)पदोन्नति की अनुशंसा हेतु छानबीन सह–सत्यापन प्रक्रिया |
| 3 | सहायक आचार्य(चरण 3) से सह–आचार्य (चरण 4) तक | चरण 3 में तीन वर्ष की पूरी सेवा वाले सहायक आचार्य | (i) वि.अ.आ. द्वारा विकसित पीबीएएस गणना प्रारूप का उपयोग कर न्यूनतम सकल एपीआई प्राप्तांक जो तालिका II (क) में दिए गए मानदण्डों के अनुसार है<br>(ii)सहायक आचार्य के तौर पर संपूर्ण अवधि (बारह वर्ष) में कम से कम तीन प्रकाशन हों। तथापि, महाविद्यालय के शिक्षकों के मामले में एम.फिल. धारकों को एक प्रकाशन और पीएच.डी. धारकों को दो प्रकाशनों की छूट प्रदान की जा सकती है।<br>(iii)प्रविधि कार्यशालाओं, प्रशिक्षण, शिक्षण–ज्ञानार्जन–मूल्यांकन तकनीक पाठ्यक्रमों, सरल कौशल विकास पाठ्यक्रम और संकाय विकास कार्यक्रम की श्रेणियों में से कम से कम एक सप्ताह की अवधि का एक पाठ्यक्रम /पाठ्यचर्या हो।<br>(iv) तालिका II (क) में निर्धारित विनियम के अनुसार एक चयन समिति प्रक्रिया |
| 4 | सह–आचार्य(चरण 4) से आचार्य (चरण 5)तक | चरण 4 में तीन वर्ष की पूरी सेवा वाले सह–आचार्य | (i) वि.अ.आ. द्वारा विकसित पीबीएएस गणना प्रारूप का उपयोग कर न्यूनतम सकल एपीआई प्राप्तांकजो तालिका II (क) में दिए गए मानदण्डों के अनुसार है, यदि आावश्यक हो तो शिक्षक न्यूनतम प्राप्तांक उपलब्ध करने के लिए (चरण 2 और 3 के अन्तर्गत) दो आकलन अवधियों को संयोजित कर सकते हैं।<br>(ii)शिक्षक के चरण 3 में आने के बाद से कम से कम पांच प्रकाशन।<br>(iii) तालिका II (क) में निर्धारित विनियम के अनुसार एक चयन समिति प्रक्रिया |
| 5 | आचार्य(चरण 5) से आचार्य (चरण 6)तक | दस वर्ष की पूरी सेवा वाले आचार्य (केवल विश्वविद्यालय) | (i) वि.अ.आ. द्वारा विकसित पीबीएएस गणना प्रारूप का उपयोग कर न्यूनतम सकल एपीआई प्राप्तांक जो तालिका II (क) में दिए गए मानदण्डों के अनुसार है<br>(ii)अतिरिक्त प्रत्यायकों के साक्ष्य रूप में निम्न को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।<br>(क) उच्च स्तरीय पोस्टडॉक्टोरल शोध परिणाम<br>(ख) पुरस्कार/सम्मान/प्रमाणन/उत्पादों पर पेटेंट और |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | आईपीआर जो कि उन विकसित एवं उपलब्ध हस्तांतरित प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रक्रियाओं पर है एवं (ग) डी.एससी., डी.लिट्.,एलएल.डी., आदि जैसी अतिरिक्त शोध उपाधियां।<br>(iii) तालिका II (क) में निर्धारित विनियम के अनुसार एक चयन समिति प्रक्रिया, यथा विनिर्दिष्ट एक चयन विशेषज्ञ समिति द्वारा पुनरीक्षण प्रक्रिया । |

## परिशिष्ट–III: तालिका IV

**शारीरिक एवं खेलकूद शिक्षा में,करियर उन्नति योजना (सीएएस) के लिए, सहायक निदेशक,महाविद्यालय निदेशक की पदोन्नति हेतु तथा विश्वविद्यालयों में उप निदेशक और निदेशक की सीधी भर्ती के लिए अकादमिक प्रदर्शन संकेतांक (एपीआई)**

शारीरिक शिक्षा कार्मिकों के विभिन्न स्तरों के लिए प्रत्यक्ष कार्यभार और दिया जाने वाला अधिमान

| | प्रति सप्ताह प्रत्यक्ष कार्य घंटे | अधिमान |
|---|---|---|
| सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा | 40 | 100 |
| उप निदेशक, शारीरिक शिक्षा | 36+4* | 90 |
| निदेशक, शारीरिक शिक्षा | 32+8* | 80 |

शारीरिक शिक्षा कार्मिकों के स्व–आकलन पर आधारित, एपीआई अंकों को निम्नलिखित के लिए प्रस्तावित किया जाता है (क) व्याख्यान सह अभ्यास आधारित एथलीट/खेल कक्षाएं, अनुशिक्षण और प्रशिक्षण संबंधी क्रियाकलाप (ख) खेलकूद और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना तथा प्रबंधन संबंधी क्रियाकलाप और (ग) खेल अवसंरचना और विस्तारण सेवाओं आदि का उन्नयन। इस श्रेणी के शारीरिक शिक्षा कार्मिकों द्वारा जरूरी न्यूनतम एपीआई अंक पदोन्नति के विभिन्न स्तरों हेतु अलग–अलग हैं। स्व–आकलन अंक तटस्थ रूप से उद्देश्य परक सत्यापन योग्य अभिलेखों पर आधारित होने चाहिए। इसे छानबीन सह मूल्यांकन/चयन समिति द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा। यदि संस्थानिक विनिर्दिष्टता की आवश्यकता हो, तो विश्वविद्यालय क्रियाकलापों का ब्यौरा इस श्रेणी के अंतर्गत आवश्यक न्यूनतम कुल एपीआई अंकों को परिवर्तित किए बिना अधिमानों को समायोजित कर सकते हैं।

*** प्रशासनिक उत्तरदायित्वों, नवोन्मेष, सुविधाओं का उन्नयन, सेवा का विस्तार आदि के संबंध में उपयोग किए गए घंटे**

**श्रेणी I: शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुशिक्षण, खिलाड़ी विकास और खेल प्रबंधन से जुड़े क्रियाकलाप**

| क्रियाकलाप की प्रकृति | सहायक निदेशक/महाविद्यालय निदेशक | | उप निदेशक | | निदेशक | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अधिकतम अंक | वास्तविक अंक | अधिकतम अंक | वास्तविक अंक | अधिकतम अंक | वास्तविक अंक |
| क. आवंटित घंटों के अनुसार व्याख्यान सह अभ्यास आधारित एथलीट/खेल कक्षाएं, संगोष्ठियां करना/प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करना/खिलाड़ी विकास/प्रशिक्षण वृत्ति (50 अंक)<br>खेल प्रतिभाओं की पहचान करना और छात्रों के बीच खेल उत्कृष्टता का सर्वधन करना (20 अंक)<br>खेल के मैदानों का विकास और रख–रखाव, अन्य खेल सुविधाओं की खरीद और रख–रखाव (10 अंक) | 80 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए वास्तविक घंटे ÷17.5 | 70 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए वास्तविक घंटे ÷17.25 | 60 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए वास्तविक घंटे ÷16.75 |
| ख. खिलाडियों हेतु शारीरिक शिक्षा और खेल वृत्ति का प्रबंधन (आयोजनों, निष्पादन | 10 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए | 10 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए | 10 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और शारीरिक शिक्षा तथा खेलों में नीतियों का मूल्यांकन) (10 अंक)<br>अंतर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय / राज्य / अंतर–विश्वविद्यालय / अंतर जोन स्तरों पर खेलकूद और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराना (10 अंक) | | वास्तविक घंटे ÷10 | | वास्तविक घंटे ÷10 | | वास्तविक घंटे ÷10 |
| ग. शारीरिक शिक्षा और खेलों में वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान का उन्नयन (10 अंक)<br>अवकाश के दिनों में संस्थाओं और संगठनों में सेवाएं, खेल सुविधाएं और प्रशिक्षण संबंधी सेवाओं का विस्तारण करना (10 अंक) | 10 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए वास्तविक घंटे ÷10 | 10 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए वास्तविक घंटे ÷10 | 10 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए वास्तविक घंटे ÷10 |

**श्रेणी II: व्यावसायिक विकास, सह–पाठ्यक्रम और विस्तारण क्रियाकलाप**

शारीरिक शिक्षा संवर्ग के स्व–आकलन पर आधारित, श्रेणी II एपीआई प्राप्तांकों को सह–पाठ्यक्रम, विस्तारण क्रियाकलापों और व्यावसायिक विकास से संबंधित योगदानों के लिए प्रस्तावित किया जाता है। `मदों और प्राप्तांकों की एक सूची नीचे दी गई है। स्व–आकलन प्राप्तांक तटस्थ रूप से सत्यापनीय कसौटी पर आधारित होने चाहिए और इसे छानबीन सह मूल्यांकन समिति द्वारा सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा / महाविद्यालय निदेशक से उच्चतर पदों हेतु तथा चयन समिति द्वारा सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा से उप निदेशक शारीरिक शिक्षा तथा उप निदेशक शारीरिक शिक्षा से निदेशक शारीरिक शिक्षा पद पर पदोन्नति हेतु तथा उप निदेशक शारीरिक शिक्षा और निदेशक शारीरिक शिक्षा के पद पर सीधी भर्ती हेतु अंतिम रूप दिया जाएगा।

नीचे दी गई नमूना तालिका में क्रियाकलापों और एपीआई प्राप्तांकों के समूह दिये गये हैं। विश्वविद्यालय क्रियाकलापों का ब्यौरा अथवा, यदि संस्थानिक विनिर्दिष्टता की आवश्यकता हो, इस श्रेणी के अंतर्गत आवश्यक न्यूनतम कुल एपीआई प्राप्तांकों को परिवर्तित किए बिना अधिमानों को समायोजित कर सकते हैं।

| **क्रियाकलाप की प्रकृति** | **अधिकतम एपीआई प्राप्तांक** | **वास्तविक प्राप्तांक** |
|---|---|---|
| (क)छात्र संबंधी सह–पाठ्येतर, विस्तारण और क्षेत्र आधारित कियाकलाप<br>(i) विषय संबंधीपाठ्येतर क्रियाकलाप(सांस्कृतिक, खेलकूद, रा.से.यो., एनसीसी आदि)(विभिन्न स्तर के भीतरी और बाहरी कार्यक्रम)<br>(ii) विस्तारण और प्रसार क्रियाकलाप(सार्वजनिक / प्रसिद्ध व्याख्यान / चर्चाएँ / संगोष्ठियां आदि) | 15 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए वास्तविक घंटे ÷10 |
| (ख)कारपोरेट जीवन के प्रति योगदान और खेल और प्रशासनिक समितियों तथा उत्तरदायित्वों में भागीदारी के माध्यम से खेल इकाईयों और संस्था का प्रबंधन<br>(जिसमें प्राचार्य / निदेशक / संयोजक / अन्य समान ड्यूटी जिनके निस्तारण हेतु नियमित कार्यालय घण्टों की आवश्यकता है, वे सब शामिल हैं) | 15 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए वास्तविक घंटे ÷10 |
| (ग)व्यावसायिक विकास क्रियाकलाप (यथा संगोष्ठियों / सम्मेलनों, लघु अवधि के प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों, शिविरों और आयोजनों, चर्चा में भाग लेना, पुनर्च्या / संकाय विकास पाठ्यक्रमों में व्याख्यान देना, संघों की सदस्यता, प्रसार, और सामान्य लेख तथा अन्य कोई योगदान) | 15 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए वास्तविक घंटे ÷10 |

**श्रेणी–III: शोध और अकादमिक योगदान**

स्व–आकलन पर आधारित, एपीआई प्राप्तांको को **श**ोध और खेल योगदान हेतु प्रस्तावित किया जाता है। इस श्रेणी में जरूरी न्यूनतम एपीआई प्राप्तांक विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में पदोन्नति के विभिन्न स्तरों के लिए अलग–अलग हैं। स्व–आकलन प्राप्तांक सत्यापनीय कसौटी पर आधारित होंगे और इसे छानबीन सह–मूल्यांकन समिति द्वारा शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद के सहायक निदेशक के पद से उच्चतर पदों पर पदोन्नति हेतु,शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद की चयन समिति द्वारा सहायक निदेशक के पद से उप निदेशक के पद पर पदोन्नति हेतु,तथा उप निदेशक शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद और निदेशक शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद के पद के लिए सीधी भर्ती हेतु अंतिम रूप दिया जाएगा।

| **श्रेणी** | **क्रियाकलाप** | **शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद संकाय** | **विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के निदेशक, शारीरिक शिक्षा, हेतु अधिकतम प्राप्तांक*** |
|---|---|---|---|
| III(क) | जिनमें शोध पत्रों का प्रकाशन | वि.अ.आ. द्वारा यथा अधिसूचित संदर्भित | 25 प्रति प्रकाशन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | हैः | (Refereed) पत्रिकाएँ# | |
| | | वि.अ.आ. द्वारा यथा अधिसूचित अन्य प्रतिष्ठित पत्रिकाएं# | 10 प्रति प्रकाशन |
| III(ख) | पत्रिका लेखों के अतिरिक्त अन्य प्रकाशन (पुस्तकें, पुस्तकों में अध्याय) | अन्तर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा पाठ्य/संदर्भ पुस्तकें जिनमें आइएसबीएन/आइएसएसएन (ISBN/ISSN) संख्या विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत है, वह दर्शाई गई है तथा उनकी वेबसाइट पर स्थापित की गई है। यह सूची यूजीसी को प्रेषित की जाएगी। | प्रति पुस्तक 30, एकल लेखक हेतु |
| | | राष्ट्रीय स्तर के प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित विषयवार पुस्तकें जो आइएसबीएन/ आइएसएसएन (ISBN/ISSN) संख्या सहित हैं अथवा राज्य/केन्द्रीय सरकार प्रकाशन हैं जो विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत हैं और उनकी वेबसाइट पर स्थापित हैं। यह सूची यूजीसी को प्रेषित की जाएगी। | प्रति पुस्तक 20, एकल लेखक हेतु |
| | | अन्य स्थानीय प्रकाशकों द्वारा विषयवार पुस्तकें जो आइएसबीएन/आइएसएसएन (ISBN/ISSN) संख्या सहित हैं जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत है और उनकी वेबसाइट पर स्थापित है। यह सूची यूजीसी को प्रेषित की जाएगी। | प्रति पुस्तक 15, एकल लेखक हेतु |
| | | राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित पुस्तकों के अध्याय जिनमें आइएसबीएन/ आइएसएसएन (ISBN/ISSN) संख्या सहित हैं जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत है और उनकी वेबसाइट पर स्थापित है। यह सूची यूजीसी को प्रेषित की जाएगी। | अंतर्राष्ट्रीय— 10 प्रति अध्याय राष्ट्रीय—5 प्रति अध्याय |
| III (ग) | **शोध परियोजनाएँ** | | |
| III(ग) (i) | प्रायोजित परियोजनाएँ | (क) रु0 5.0 लाख से अधिक अनुदान वाली बड़ी परियोजनाएं | 20 प्रति परियोजना |
| | | (ख) रु0 3.0 लाख से रु0 5.0 लाख तक अनुदान वाली बड़ी परियोजनाएं | 15 प्रति परियोजना |
| | | (ग) रु0 1.0 लाख से रु0 3.0 लाख तक वाली लघु परियोजनाएं | 10 प्रति परियोजना |
| III(ग)(ii) | परामर्शकार्य परियोजनाएँ | न्यूनतम रु0 2.0 लाख की राशि से संचालित करना | प्रति रु0 2.0 लाख की राशि पर 10 |
| III (ग)(iii) | परियोजना के परिणाम/निष्कर्ष | प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय निकाय, जैसे डब्ल्यू एचओ/यूएनओ/यूनेस्को/यूनिसेफ (WHO/UNO/UNESCO/UNICEF)इत्यादि एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार/ स्थानीय निकायों के लिए तैयार प्रमुख नीति संबंधी दस्तावेज | अंतर्राष्ट्रीय निकायों के नीति विषयक दस्तावेज —30<br>केन्द्रीय सरकार— 20<br>राज्य सरकार— 10<br>स्थानीय निकाय— 5 |
| III(घ) | **शोध मार्गदर्शन** | | |
| III (घ)(i) | एम.फिल. | उपाधि प्रदान की गई | 5 प्रति उम्मीदवार |
| III(घ)(ii) | पीएच.डी. | उपाधि प्रदान की गई/शोध प्रबंध प्रस्तुत किया गया | 15/10 प्रति उम्मीदवार<br>10 प्रति उम्मीदवार |
| III (ड़) | सम्मेलनों/संगोष्ठियों में प्रदान किये गये पुरस्कार/अध्येतावृत्तियॉ/आमंत्रण व्याख्यान/प्रस्तुत किए गए पत्र | | |
| III (ड़)(i) | पुरस्कार/अध्येतावृत्ति | सरकारी/मान्य अन्तर्राष्ट्रीय खेलकूद निकायों/अन्तर्राष्ट्रीय खेलकूद संगठनों से प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार/ अध्येतावृत्ति | 15 प्रति पुरस्कार/15 प्रति अध्येतावृत्ति |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | पुरस्कार/अध्येतावृति | सरकारी/मान्य राष्ट्रीय खेलकूद निकायों/राष्ट्रीय खेलकूद संगठनों से प्राप्त राष्ट्रीय पुरस्कार/अध्येतावृत्ति | 10 प्रति पुरस्कार/10 प्रति अध्येतावृति |
| | पुरस्कार/अध्येतावृत्ति | सरकारी/मान्य राज्य खेलकूद निकायों/राज्य सरकारी संगठनों से प्राप्त/राज्य/विश्वविद्यालय पुरस्कार/अध्येतावृत्ति | 5 प्रति पुरस्कार |
| III (ड़)(ii) | आमंत्रित व्याख्यान/प्रस्तुत किए गए पत्र | अंतर्राष्ट्रीय | 7 प्रति व्याख्यान/5 प्रति प्रस्तुत पत्र |
| | | राष्ट्रीय स्तरीय | 5 प्रति व्याख्यान/3 प्रति प्रस्तुत पत्र |
| | | राज्य/विश्वविद्यालय स्तरीय | 3 प्रति व्याख्यान/2 प्रति प्रस्तुत पत्र |
| | इस उप–श्रेणी के अंतर्गत प्राप्तांकों को किसी भी आकलन अवधि हेतु श्रेणी III के लिए निर्धारित न्यूनतम के 20% तक सीमित कर दिया जाएगा। | | |
| III (ड़)(iii) | ई–लर्निंग परिदान प्रक्रिया /सामग्री का विकास | | 10 प्रति इकाई |

* जहां कहीं भी प्रासंगिक हो, संदर्भित (Refereed) पत्रिकाओं में पत्रों हेतु एपीआई प्राप्तांकों को निम्न प्रकार से जोड़ा जाएगाः (ii) 1 से कम प्रभाव कारक वाले पत्र– 5 अंकों द्वारा (ii) 1 और 2 के बीच प्रभावकारक (Impact) वाले पत्र– 10 अंकों द्वारा (iii) 2 और 5 के बीच प्रभाव कारक (Impact) वाले पत्र– 15 अंकों द्वारा (iv) 5 और 10 के बीच प्रभाव कारक (Impact) वाले पत्र– 20 अंकों द्वारा (v) 10 से अधिक प्रभाव कारक (Impact) वाले पत्र– 25 अंकों द्वारा। संयुक्त प्रकाशनों/पुस्तकों हेतु एपीआई की गणना निम्नलिखित तरीके से की जाएगीः संबंधित शिक्षक द्वारा प्रकाशन की प्रासंगिक श्रेणी हेतु कुल प्राप्तांकों के, प्रथम और प्रमुख/अनुरुप (Corresponding) लेखक/पर्यवेक्षक/शिक्षक के मार्गदर्शक कुल प्राप्तांकों के 70% को समान रूप से साझा करेंगे और शेष 30% बाकी अन्य लेखकों द्वारा समान रूप से साझा किए जाएंगे।

#विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्वीकृति हेतु विषय विशेषज्ञ समिति विश्वविद्यालय विषयवार पत्रिकाएँ चिन्हित करेगा तथा यूजीसी द्वारा निर्धारित प्रारुप में अपनी अनुशंसायें प्रेषित करेगा। इस सूची के अन्तर्गत अनुमोदित पत्रिकाएँ जो कि यूजीसी स्थायी समिति ने स्वीकृत की हैं, वे ''पत्रिका सूची'' – जो यूजीसी द्वारा अधिसूचित है–उसमें सम्मिलित किया जाएगा। विश्वविद्यालय से यह सूची प्राप्त होने से 60 कार्यकारी दिवसों के भीतर यूजीसी स्थायी समिति अपनी अनशंसाएं प्रस्तुत कर देगी। ''पत्रिका सूची'' में सम्मिलित करने के लिए यूजीसी स्थायी समिति स्वमेव ही पत्रिकाओं की अनुशंसा कर सकती है। विश्वविद्यालय द्वारा धारा 6.0.5 (i) का कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा।

**परिशिष्ट–III तालिका–V (क)**

**विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में सहायक/महाविद्यालय निदेशक और उप निदेशक, शारीरिक शिक्षा की करियर उन्नति योजना (सीएएस) के अन्तर्गत पदोन्नति हेतु परिशिष्ट–तीन तालिका–I में दिए गए न्यूनतम एपीआई को लागू किया जाए, और चयन समितियों में विषेषज्ञ आकलन हेतु अधिमानता प्रोन्नत करने के लिए।**

| श्रेणी | क्रियाकलाप | शारीरिक शिक्षा में सहायक/महाविद्यालय निदेशक (चरण 1 से चरण 2)तक | शारीरिक शिक्षा में सहायक/महाविद्यालय निदेशक (चरण 2 से चरण 3) तक | शारीरिक शिक्षा में सहायक/महाविद्यालय निदेशक (चरण 3) से उप/महाविद्यालय निदेशक (चरण 4)तक | शारीरिक शिक्षा में उप निदेशक (चरण 4) से निदेशक, शारीरिक शिक्षा (चरण 5)तक |
|---|---|---|---|---|---|
| I | शिक्षण, प्रशिक्षण, कोचिंग, खिलाड़ियों का विकास और खेल प्रबंधन क्रियाकलाप | 80/वर्ष | 80/वर्ष | 75/वर्ष | 70/वर्ष |
| II | व्यावसायिक विकास और विस्तारण क्रियाकलाप–न्यूनतम प्राप्तांकों का आकलन कुल मिलाकर किया जाना आवश्यक है | 50/आकलन अवधि | 50/आकलन अवधि | 50/आकलन अवधि | 50/आकलन अवधि |
| III | शोध और शैक्षिक योगदान– न्यूनतम अंकों का आकलन कुल मिलाकर किया जाना आवश्यक है | 20/आकलन अवधि | 50/आकलन अवधि | 75/आकलन अवधि | 100/आकलन अवधि |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| II + III | श्रेणी II और III के अंतर्गत न्यूनतम कुल एपीआई प्राप्तांक* | 90/आकलन अवधि | 120/आकलन अवधि | 150/आकलन अवधि | 180/आकलन अवधि |
| | विशेषज्ञ आकलन प्रणाली | छानबीन सह आकलन समिति | छानबीन सह आकलन समिति | चयन समिति | चयन समिति |
| V | विशेषज्ञ आकलन में अधिमान अंकों का प्रतिशत वितरण (कुल अधिमान = 100.न्यूनतम 50 आवश्यक) | अलग से कोई अंक नहीं। छानबीन समिति को एपीआई अंक का सत्यापन करना है। | अलग से कोई अंक नहीं। छानबीन समिति को एपीआई अंक का सत्यापन करना है। | 30%शोध योगदान<br>50% विषय क्षेत्र के ज्ञान और शिक्षण अनुभव का आकलन<br>20%साक्षात्कार प्रदर्शन | 50%शोध योगदान<br>30% विषय क्षेत्र के ज्ञान और शिक्षण अनुभव का आकलन<br>20%साक्षात्कार प्रदर्शन |

*** श्रेणी II+III के अंतर्गत आवश्यक न्यूनतम प्राप्तांक प्राप्त करने के लिए श्रेणी II अथवा श्रेणी III किसी से भी प्राप्तांकों के अंकों का शेष प्राप्त कर सकते हैं।**

### परिशिष्ट–III तालिका–V (ख)

**विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा संवर्ग की सीधी भर्ती हेतु एपीआई के लिए न्यूनतम प्राप्तांक और विनियम में वर्णित अन्य विनिर्दिष्ट पात्रता अर्हताओं के साथ अधिमानों पर चयन समितियों में विचार किया जाना।**

| | **सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा (चरण 1)** | **उप निदेशक शारीरिक शिक्षा (चरण 4)** | **निदेशक शारीरिक शिक्षा (चरण 5)** |
|---|---|---|---|
| न्यूनतम एपीआई प्राप्तांक | इन विनियमों में यथा वर्णित न्यूनतम योग्यता | संघटित एपीआई की श्रेणी II और III से 300 प्राप्तांकों के कुल एपीआई प्राप्तांकों की आवश्यकता (कुल मिलाकर) | संघटित एपीआई की श्रेणी II और III से 400 प्राप्तांकों के कुल एपीआई प्राप्ताकों की आवश्यकता (कुल मिलाकर) |
| चयन समिति मानदण्ड/अधिमान (कुल अधिमान= 100) | (क) जीती गई प्रतियोगिता का रिकार्ड (30%)<br>(ख) खेल और एथलीट कौशल (40%)<br>(ग) साक्षात्कार में प्रदर्शन (30%) | (क) शोध पत्र (3) मूल्यांकन (40%)<br>(ख) संगठनात्मक कौशल/खेलों की आयोजना (30%)<br>(ग) साक्षात्कार में प्रदर्शन (30%) | (क) शोध पत्र (5) मूल्यांकन (50%)<br>(ख) संगठनात्मक सतत् रूप से निरीक्षण की जाने वाली योजना(25%)<br>(ग) साक्षात्कार में प्रदर्शन (25%) |

### परिशिष्ट–III–तालिका–VI

**विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा संवर्गों की पदोन्नति हेतु न्यूनतम शैक्षिक प्रदर्शन और सेवा संबंधी अपेक्षाएं**

| **क्रम संख्या** | **सीएएस के माध्यम से शारीरिक शिक्षा संवर्गों की पदोन्नति** | **सेवा आवश्यकताएं (मानव संसाधन विकास मंत्रालय की अधिसूचना द्वारा यथा निर्धारित)** | **न्यूनतम शैक्षिक प्रदर्शन आवश्यकताएं और छानबीन /चयन मानदण्ड** |
|---|---|---|---|
| 1 | सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा/महाविद्यालय निदेशक शारीरिक शिक्षा से सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा (वरिष्ठ वेतनमान)/महाविद्यालय निदेशक शारीरिक शिक्षा (वरिष्ठ वेतनमान)(चरण 1 से चरण 2) | चरण 1 में सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा /महाविद्यालय निदेशक शारीरिक शिक्षा और पीएच.डी. के साथ चार वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो अथवा जिन्होंनें एम.फिल के साथ पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो अथवा जिन्होंने पीएच.डी. /एम.फिल. के बिना छह वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो। | (i) तालिका V(क) में दिए गए मानदण्डों के अनुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विकसित पीबीएएस गणना प्रारूप का उपयोग कर न्यूनतम सकल एपीआई प्राप्तांक<br>(ii) 3/4 सप्ताह की अवधि का एक प्रबोधन और एक पुनष्चर्या/शोध प्रणाली पाठ्यक्रम<br>(iii) पदोन्नति की अनुशंसा हेतु छानबीन सह सत्यापन प्रक्रिया |
| 2 | सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा (वरिष्ठ | चरण 2 में पांच वर्ष की पूरी सेवा वाले सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा (वरिष्ठ | (i) तालिका V(क) में दिए गए मानदण्डों के अनुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विकसित पीबीएएस |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | वेतनमान)/महाविद्यालय निदेशक शारीरिक शिक्षा (वरिष्ठ वेतनमान)से उप निदेशक शारीरिक शिक्षा /सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा (सलेक्शन ग्रेड)/महाविद्यालय निदेशक शारीरिक शिक्षा (सलेक्शन ग्रेड)(चरण 2 से चरण 3) | वेतनमान)/महाविद्यालय निदेशक शारीरिक शिक्षा (वरिष्ठ वेतनमान) | गणना प्रारूप का उपयोग कर न्यूनतम सकल एपीआई प्राप्तांक<br>(ii) पुनष्चर्या पाठ्यक्रमों, प्रविधि कार्यशालाओं, प्रशिक्षण, शिक्षण–ज्ञानार्जन–मूल्यांकन तकनीकी पाठ्यक्रमों, सरल कौशल विकास पाठ्यक्रमों और संकाय विकास पाठ्यक्रमों की श्रेणियों में से 3/4 सप्ताह की अवधि का एक पाठ्यचर्या/पाठ्यक्रम<br>(iii) पदोन्नति की अनुशंसा हेतु छानबीन सह सत्यापन प्रक्रिया |
| 3 | सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा (सेलेक्शन ग्रेड)/महाविद्यालय निदेशक शारीरिक शिक्षा (सलेक्शनग्रेड) से उप निदेशक शारीरिक शिक्षा / महाविद्यालय निदेशक शारीरिक शिक्षा सलैक्शन ग्रेड) (चरण 3 से चरण 4) | चरण 3 में तीन वर्ष की पूरी सेवा वाले सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा (सलेक्शन ग्रेड)/महाविद्यालय निदेशक शारीरिक शिक्षा (सलेक्शनग्रेड) | (i) तालिका V(क) में दिए गए मानदण्डों के अनुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विकसित पीबीएएस गणना प्रारूप का उपयोग कर न्यूनतम सकल एपीआई प्राप्तांक<br>(ii) सहायक/महाविद्यालय निदेशक शारीरिक शिक्षा के तौर पर संपूर्ण अवधि (बारह वर्ष) में कम से कम तीन प्रकाशन। तथापि, महाविद्यालय निदेशक शारीरिक शिक्षा के मामले में एम.फिल. धारकों को एक प्रकाशन और पीएच.डी. धारकों को दो प्रकाशनों की छूट प्रदान की जा सकती है।<br>(iii) टीमों/एथिलीट्स को तैयार करने का प्रमाण।<br>(iv) विनियम और तालिका V (क) में यथा विनिर्दिष्ट एक चयन समिति प्रक्रिया । |
| 4 | विश्वविद्यालय निदेशक शारीरिक शिक्षा (चरण 5) (केवल विश्वविद्यालयों हेतु) | विश्वविद्यालयों में चरण 4 में तीन वर्ष की पूरी सेवा वाले उप निदेशक शारीरिक शिक्षा | (ii) तालिका V(क) में दिए गए मानदण्डों के अनुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विकसित पीबीएएस गणना प्रारूप का उपयोग कर न्यूनतम सकल एपीआई प्राप्तांक हासिल करने के लिए (चरण 2 और 3 में) शिक्षक दो आकलन अवधियां संयोजित कर सकते हैं।<br>(ii) कार्मिक के चरण 3 में आने के बाद से कम से कम पांच प्रकाशन।<br>(iii) ) टीमों/एथिलीट्स को तैयार करने का प्रमाण।<br>(iv) विनियम और तालिका V (क) में यथा विनिर्दिष्ट एक चयन समिति प्रक्रिया । |

**नोटः** शिक्षकों हेतु सीएएस के लिए तालिका II(क) हेतु उपलब्ध विवरणात्मक नोट इस संवर्ग हेतु विनिर्दिष्ट एपीआई प्राप्तांकों के अनुसार शारीरिक निदेशक संवर्गों पर भी लागू हैं ।

## परिशिष्ट–III: तालिका VII

## विश्वविद्यालयों में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/महाविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष/की करियर उन्नति योजना (सीएएस) के अन्तर्गत पदोन्नति एवं विश्वविद्यालयों में उप–पुस्तकालयाध्यक्ष एवं पुस्तकालयाध्यक्ष की सीधी भर्ती के लिए अकादमिक प्रदर्शन संकेतांक (एपीआई)

### पुस्तकालयाध्यक्षों के विभिन्न स्तरों के लिए प्रत्यक्ष कार्यभार और अधिमान दिया जाए

| | प्रति सप्ताह प्रत्यक्ष कार्य घंटे | अधिमान |
|---|---|---|
| सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/ महाविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष | 40 | 100 |
| उप पुस्तकालयाध्यक्ष | 36+4* | 90 |
| पुस्तकालयाध्यक्ष | 32+8* | 80 |

पुस्तकालयाध्यक्ष संवर्ग के स्व–आकलन पर आधारित, एपीआई प्राप्तांकों को निम्नलिखित के लिए प्रस्तावित किया जाता है (क) पुस्तकालय संसाधनों का आयोजन और पुस्तकों, पत्रिकाओं, रिर्पोटों, विकास, आयोजना और ई–संसाधनों का प्रबंधन उपयोगकर्ता जागरूकता और निर्देश; (ख) पुस्तकालय सेवाओं के उन्नयन हेतु आईसीटी और अन्य नई तकनीकों का उपयोग और (ग) अतिरिक्त सेवाएं जैसे अवकाश के दिनों में पुस्तकालय सुविधाएं प्रदान करना, शेल्फ ऑर्डर का रख–रखाव, पुस्तकालय उपयोग

पुस्तिका, भवन और बाहरी सदस्यता मानकों के माध्यम से बाहरी लोगों को संस्थागत पुस्तकालय सुविधाएं प्रदान करना। इस श्रेणी के पुस्तकालय कार्मिकों द्वारा जरूरी न्यूनतम एपीआई प्राप्तांक पदोन्नति के विभिन्न स्तरों हेतु अलग—अलग हैं। स्व—आकलन प्राप्तांक उद्देश्यपरक रूप से सत्यापनीय कसौटी पर आधारित होने चाहिए। इसे छानबीन सह मूल्यांकन/चयन समिति द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा। विश्वविद्यालय क्रियाकलापों का ब्यौरा अथवा, यदि संस्थानिक विनिर्दिष्टता की आवश्यकता हो, इस श्रेणी के अंतर्गत आवश्यक न्यूनतम कुल एपीआई प्राप्तांकों को परिवर्तित किए बिना अधिमानों को समायोजित कर सकते हैं।

*** प्रशासनिक उत्तरदायित्वों, नवोन्मेष, सुविधाओं का उन्नयन, विस्तारित सेवाओं आदि के संबंध में उपयोग किए गए घंटे**

**श्रेणी I: पुस्तकालय सेवाओं के माध्यम से ज्ञान और सूचना की उपलब्धि, संयोजन एवं उसका सम्प्रेषण**

| क्रियाकलाप की प्रकृति | विश्वविद्यालय सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/महाविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष | | उप—पुस्तकालयाध्यक्ष | | पुस्तकालयाध्यक्ष | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अधिकतम प्राप्तांक | वास्तविक प्राप्तांक | अधिकतम प्राप्तांक | वास्तविक प्राप्तांक | अधिकतम प्राप्तांक | वास्तविक प्राप्तांक |
| क. पुस्तकालय संसाधानों का आयोजन और पुस्तकों, पत्रिकाओं, रिर्पोटों का रख—रखाव, पुस्तकालय पाठक—सेवाओं का प्रावधान, शोधार्थियों के लिए उनके साहित्य संबंधी सेवाओं को पुनः उपलब्ध कराना और रिर्पोटों का विश्लेषण, रिर्पोटों, पुस्तिकाओं और संबंधित दस्तावेजों को तैयार करने के लिए आवश्यक जानकारी के साथ<br>विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के विभागों के लिये सहायता का प्रावधान, क्रियाकलाप संबंधी जानकारी के साथ संस्थानिक वेबसाइट को अद्यतन करने और संस्थानिक समाचार पत्रों आदि का प्रकाशन करने हेतु सहायता (40 अंक)<br><br>ई—संसाधनों का विकास, व्यवस्था और प्रबंधन के साथ—साथ इंटरनेट पर उन तक पहुंच/इंटरनेट, पुस्तकालय संसाधनों का डिजिटलीकरण, सूचना का ई—परिदान आदि(15 अंक)<br><br>उपयोगकर्ता जागरूकता और निर्देशन वृत्ति (प्रबोधन व्याख्यान, ओपेक, ज्ञान संसाधन, पुस्तक प्रदर्शनियों का आयोजन करने जैसे उपयोगकर्ता प्रोत्साहन वृत्ति,अन्य नवीनतम पारस्परिक ज्ञानार्जन संसाधन आदि) (15अंक) | 70 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए वास्तविक घंटे ÷20 | 60 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए वास्तविक घंटे ÷20 | 55 | प्रति शैक्षिक वर्ष उपयोग किए गए वास्तविक घंटे ÷20 |
| ख. पुस्तकालय सेवाओं का उन्नयन करने के लिए आईसीटी और नई तकनीकों जैसे कैटलॉग का ऑटोमेशन, | 15 | प्रति शैक्षिक वर्ष व्यतीत वास्तविक घंटे ÷10 | 15 | प्रति शैक्षिक वर्ष व्यतीत वास्तविक घंटे | 15 | प्रति शैक्षिक वर्ष व्यतीत वास्तविक घंटे ÷10 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
